भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2113
उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम

2113. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम नामक कोई कार्यक्रम चलाती है;

(ख) यदि हां, तो चयन की प्रक्रिया सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसकी मुख्य विशेषताएं और संगठनात्मक संरचना क्या है; और

(घ) उक्त कार्यक्रम से कौन-कौन से देश जुड़े हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी नहीं । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम नामक कोई कार्यक्रम नहीं चलाता है । तथापि, यह मंत्रालय विभिन्न राष्ट्रमंडल युवा संबंधित आयोजनों यथा कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल मीटिंग (सीवाईएमएम) और कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल टॉस्क फोर्स मीटिंग (सीवाईएमटीएफ) में नियमित रूप से प्रतिभागिता करता है । इस संबंध में, विस्तृत नोट अनुबंध में दिया गया है ।

(ख) से (घ) : उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

****

अनुबंध

राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम के संबंध में डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा दिनांक 05.08.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2113 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

राष्ट्रमंडल सचिवालय युवा विकास का कार्य राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम (सीवाईपी) के माध्यम से किया जाता है जिसका उद्देश्य विकास और निर्णय प्रक्रिया में राष्ट्रमंडल देशों के युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त करना है । इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल मीटिंग (सीवाईएमएम) है जो कि युवाओं को प्रभावित करने वाली नीतियों पर चर्चा करने वाले सदस्य देशों के युवा मंत्रियों की एक औपचारिक सभा है ।

2. कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल टॉस्क फोर्स मीटिंग (सीवाईएमटीएफ) की स्थापना 9वीं कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल मीटिंग के परिणाम के रूप में हुई थी । यह युवा विकास से संबंधित कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग (सीएचओजीएम) के अधिदेशों की प्रगति और कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल मीटिंग में दिए गए आश्वासनों की स्थिति की निगरानी करती है । इसके बाद, यह इसके कार्यान्वयन के संबंध में सलाह और कार्यनीति की दिशा प्रदान करती है ।

3. विदेश मंत्रालय की सिफारिशों के अनुसार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नियमित रूप से कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल मीटिंग (सीवाईएमएम) और कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल टॉस्क फोर्स मीटिंग (सीवाईएमटीएफ) में भाग ले रहा है । वित्त वर्ष 2023-24 में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने लंदन, यूनाइटेड किंगडम में 07 अगस्त, 2023 को वर्चुअल रूप से आयोजित 7वीं कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल टॉस्क फोर्स मीटिंग और 11 से 15 सितंबर, 2023 को 10वीं कॉमनवेल्थ यूथ मिनिस्ट्रियल टॉस्क फोर्स मीटिंग में प्रतिभागिता की थी ।

****